उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या- 06/2016/199/92-2-2016-151जॉच/2015

लखनऊ :: दिनांक:: 29 जनवरी,2016

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद-फैजाबाद में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के फेज-10 के पैकेज सं0-यू0पी0-13141 की निविदा को कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेज के आधार पर रिस्पान्सिव किये जाने आदि अनियमितताओं में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर श्री एम0के0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद को विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-7 के अंतर्गत आरोप देकर अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु मुख्य अभियंता (प0 क्षेत्र), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0,लखनऊ को पदेन जॉच अधिकारी नामित किये जाने की श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- जॉच अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि विधिवत जॉच कार्यवाही पूर्ण कर जॉच आख्या (दो प्रतियों में) एक माह में शासन में उपलब्ध करायें।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

डॉ0 प्रभात कुमार

प्रमुख सचिव।

संख्या- 06/2016/199(1)/92-2-2016 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र सं0-1765/ग्रा0अ0वि0/स्था-1/व्य0प0-क-194/2015-16, दि0 03-11-15 के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि कृपया श्री एम0 के0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-फैजाबाद के विरूद्व संस्थित अनुशासनिक जॉच हेतु संगत साक्ष्यों सहित आरोप-पत्र गठित कर 03 प्रतियों में शासन को एक सप्ताह में अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- जॉच अधिकारी/मुख्य अभियंता(प0क्षेत्र) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

3- मुख्य अभियंता (प0क्षे0) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

4- श्री एम0 के0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद द्वारा - निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

5- अनुसचिव, ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बाबूराम)

संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in